# झारखण्ड लोक सेवा आयोग

सर्कुलर रोड, राँची–834001

## विज्ञापन

| |
|---|
| 1. ऑनलाईन (Online) आवेदन करने की अंतिम तिथि–17.05.2023<br>2. आवेदन के Hard Copy अभिलेख सहित प्राप्ति की अंतिम तिथि :–06.06.2023 |

| |
|---|
| विज्ञापन संख्या :– 07/2023 |

### निदेशक, गव्य विकास, झारखण्ड नियुक्ति परीक्षा।

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) के अन्तर्गत निदेशक, गव्य विकास, झारखण्ड (गैर संवर्गीय) के **एकल पद** पर नियुक्ति हेतु प्राप्त अधियाचना के अनुरूप आयोग द्वारा पूर्व में विज्ञापन संख्या–12/2022 प्रकाशित कर विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किये गये थे। प्रकाशित विज्ञापन के विरूद्ध निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप कोई भी योग्य अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने के कारण संसूचित रिक्तियों के आधार पर इच्छुक भारतीय अर्हत्ताधारियों (किसी राज्य सरकार, भारत सरकार अथवा इनके सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम की सेवा में कार्यरत पदाधिकारी) से विहित शर्तों एवं निर्देशों के अनुरूप विहित प्रपत्र में पुनः एक बार ऑनलाईन आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं, जो आयोग के वेबसाईट www.jpsc.gov.in पर उपलब्ध है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **पद का नाम** | – | **निदेशक, गव्य विकास** |
| 2. | **पद** | – | **स्थायी** |
| 3. | **वेतनमान** | – | **PB-IV- 37,400-67,000 (Grade Pay – 8700/-)** |
| 4. | **पदावधि** | – | **05 वर्ष** |

5. **अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता एवं अर्हत्ता :–**

(क) भारत अथवा विदेश के किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से गव्य विज्ञान (डेयरी टेक्नोलॉजी/डेयरी हसबैण्ड्री/डेयरी एनीमल साईंस) में स्नातकोत्तर डिग्रीधारी हो।

(ख) **पूर्व अनुभव :–**
अभ्यर्थी को किसी राज्य सरकार या भारत सरकार या इनके सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में पुनरीक्षित वेतन संरचना के अनुसार PB-III – 15600-39100 रु0 – Grade Pay-7600/- के वेतनमान में कम से कम 3 वर्षों की सेवा का अनुभव अवश्य हो।

(ग) **प्रशिक्षण और विशेषज्ञता :–**
नियुक्ति के लिए अभ्यर्थी अपनी बायोडाटा में अपने अनुभव और विशेषज्ञताओं का ब्यौरा देंगे, जिसे नियुक्ति के लिए चयन करते समय आयोग द्वारा अधिमानता दी जायेगी।

6. **उम्र सीमा की संदर्भ तिथि :–01.08.2021**

**उम्र सीमा :–** न्यूनतम 45 वर्ष एवं अधिकतम 57 वर्ष (सभी वर्ग के उम्मीदवारों के लिए)।

7. **नियुक्ति हेतु चयन प्रक्रिया :–** चयन झारखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित अन्तर्वीक्षा के आधार पर अनुशंसित पैनल से की जाएगी। आयोग के Rules of procedure, 2002 के प्रावधानों के अन्तर्गत विभिन्न शैक्षणिक अर्हत्ता, अनुभव एवं विशेषज्ञता के लिए अधिमानता एवं साक्षात्कार हेतु अंको का निर्धारण निम्नवत् है :–

